प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
14.03.2026/प्रादेशिक समाचार/18.00बजे

उपराष्ट्रपति

उप–राष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने देश के नागरिकों से नशाखोरी के खिलाफ जागरूकता फैलाने का आहवान किया है। केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला के दीक्षांत समारोह में आज उन्होंने कहा कि नशा युवाओं, समाज और राष्ट्र को बुरी तरह प्रभावित करता है। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकारों के उच्च शिक्षण संस्थानों के बीच अधिक सहयोग की आवश्यकता पर भी बल दिया। उपराष्ट्रपति ने कहा कि संयुक्त शोध, शिक्षकों की साझा विशेषज्ञता, डिजिटल संसाधनों और अकादमिक आदान–प्रदान से ऐसी साझेदारियां एक व्यापक शिक्षण समुदाय का निर्माण कर सकती है जिससे छात्रों व विद्वानों दोनों को लाभ होगा। उपराष्ट्रपति ने इस बात पर भी प्रसन्नता जताई कि केंद्रीय विश्वविद्यालय राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को उत्साहपूर्वक लागू कर रहा है और भारतीय ज्ञान परंम्पराओं से जुड़े विषयों को भी शामिल किया गया है।

समारोह में 7 सौ से अधिक मेधावी विद्यार्थियों को उपाधियां व पदक प्रदान किए गए। इस दौरान राज्यपाल कविंद्र गुप्ता, कृषि मंत्री चंद्र कुमार और विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर भी मौजूद रहे।

अग्निहोत्री

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने बच्चों को शिक्षा के साथ–साथ धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया है। वे आज ऊना ज़िले के राजकीय महाविद्यालय हरोली के वार्षिक समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन में अनुशासन, समय का सही उपयोग और लगातार प्रयास से ही निर्धारित लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। अग्निहोत्री ने कहा कि हरोली विधानसभा क्षेत्र को एक विकसित, शिक्षित और समृद्ध क्षेत्र के रूप में आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

जयराम ठाकुर

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार द्वारा विजिलेंस व एंटिकरप्शन ब्यूरो को सूचना के अधिकार के दायरे से बाहर करने के निर्णय को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। एक बयान में उन्होंने कहा कि इस फैसले से स्पष्ट है कि सरकार पारदर्शिता से डरती है और राज्य में फैलते भ्रष्टाचार को छिपाने का प्रयास कर रही है। जयराम ठाकुर ने इस बात पर भी हैरानी जताई कि व्यवस्था परिवर्तन वाली प्रदेश सरकार अपने ही आलाकमान द्वारा बनाए गए कानून के खिलाफ खड़ी है। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ी हैरानी की बात ये है कि इस तरह का बड़ा निर्णय विधानसभा में बिना विधायी प्रक्रिया पूरा किए लिया जा रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री को तुरंत इस फैसले को वापिस लेने की सलाह दी है।

आभार

इस बीच जयराम ठाकुर ने पिछले वर्ष की प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान की भरपाई के लिए केंद्र द्वारा प्रदेश को करीब दो सौ 88 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता देने पर आभार जताया है। उन्होंने कहा कि ये राशि प्रभावित क्षेत्रों के पुनर्वास में संजीवनी का काम करेगी। जयराम ठाकुर ने सुक्खू सरकार से इस धनराशि का उपयोग केवल आपदा प्रभावितों की मदद के लिए ही सुनिश्चित करने का आग्रह किया है।

जगत सिंह

राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि राज्य सरकार आपदा प्रभावित प्रत्येक परिवार तक जल्द राहत पहुंचाने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने आज ऊना में बताया कि सरकार ने उन परिवारों के लिए राहत राशि में ऐतिहासिक वृद्धि की है जिनके घर आपदा में पूरी तरह क्षतिग्रस्त हुए हैं। इस दौरान उन्होंने ऊना विधानसभा क्षेत्र के 59 आपदा प्रभावित परिवारों को 75 लाख रुपये की राहत राशि के चैक भी वितरित किए।

भाजपा

भारतीय जनता पार्टी की एक विशेष बैठक आज पालमपुर में आयोजित की गई जिसमें कई मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। इस बैठक में पार्टी प्रभारी श्रीकांत शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष विपिन परमार और राज्य सभा सांसद सिकंदर कुमार सहित अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। अपने संबोधन में श्रीकांत शर्मा ने कांग्रेस पर जनता को गुमराह करने की राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक षडयंत्रकारी पार्टी है और भाजपा उसके हर षडयंत्र का पर्दाफाश करने का काम करेगी। इस दौरान विपिन परमार ने कहा कि भाजपा संविधान के मार्ग पर चलते हुए देश को एक सूत्र में पिरोने का कार्य कर रही है।

लोक अदालत

प्रदेश के सभी न्यायालयों में आज राष्ट्रीय लोक अदालतों का आयोजन किया गया। इन अदालतों में विभिन्न मामलों का आपसी सहमति से निपटारा किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालतों में कांगड़ा ज़िले में 8 हजार 4 सौ 15 जबकि सोलन ज़िले में 5 हजार 8 सौ 35 मामले निपटाए गए।

....